दिनांक 05.05.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं

सुदर भिलाई

कन्टेनमेंट जोन सहित निगम के वार्ड क्षेत्रों में किया जा रहा सेनेटाइज

भिलाईनगर / वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड के क्षेत्र में जगह-जगह गलियों में बैरिकेटिंग करने के साथ ही आवाजाही को बंद रखा गया है , इस क्षेत्र में प्रतिष्ठान एवं दुकाने संपूर्ण रूप से बंद है , केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा प्रारंभ है , स्वास्थ विभाग की टीम मोहल्ले के घरों का सर्वे कर रही है , पुलिस प्रशासन भी कंटेनमेंट क्षेत्र में तैनात होकर गतिविधियों पर संपूर्ण नजर रख रही है! कोविड 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु भिलाई निगम द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। निगम कर्मी सभी वार्डों में घर-घर जाकर सघन रूप से सेनेटाइज करने के साथ ही लोगों को सोशल डिस्टेंस का पालन करने प्रेरित कर रहे हैं। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु कन्टेनमेंट एरिया वार्ड 26 में विशेष रूप से सेनेटाइज करने का कार्य किया जा रहा है। सभी जोन कार्यालय द्वारा वाहन में लाउडस्पीकर के माध्यम से अति आवश्यक कार्य से बाहर निकलने वाले लोगों को फेस कवर करने मास्क या अन्य उपाय करने कहा जा रहा है। नगर पालिक निगम , भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी वार्डों को सेनेटाइज कर संक्रमण मुक्त करने जुटा हुआ है।

जनसम्पर्क अधिकारी